हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 21 दिसंबर 2023

04 हम सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाएंगे ...



05 मांस, अंडे की अवैध दुकानों पर नगर परिषद ...





## खबर संक्षेप

### पंचायतों के उप निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण कराने के निर्देश

**सीहोर।** त्रि-स्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष 2023 (उत्तरार्द्ध) के लिये निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया है। उप निर्वाचन के लिये विभिन्न कार्यों में संलग्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपेक्षा अनुरूप कार्य करने के लिये प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश सचिव राज्य निर्वाचन आयोग अभिषेक सिंह ने संबंधित कलेक्टर्स को दिये हैं। श्री सिंह ने कहा है कि जिले में ब्लॉक स्तरीय नोडल अधिकारी तथा मास्टर ट्रेनर्स (प्रशिक्षण) की नियुक्ति कर निर्वाचन के विभिन्न कार्यों का प्रशिक्षण करवाकर कार्य संपादित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा है कि प्रशिक्षण में नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुति, संवीक्षा एवं प्रतीक आवंटन, ईव्हीएम की कार्यप्रणाली एवं सीलिंग, मतदान दलों को सामग्री वितरण/वापसी मतदान दिवस की व्यवस्था, मतगणना की प्रक्रिया एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा से संबंधित विषय शामिल किये जायें।

### दिव्यांगों को बस किराये में 50 प्रतिशत छूट

**सीहोर।** राज्य शासन ने प्रदेश की सभी प्रक्रम बस सेवाओं में दिव्यांग व्यक्तियों को 50 प्रतिशत छूट देने के निर्देश दिये हैं। दिव्यांग व्यक्ति को यूडीआईडी कार्ड दिखाने पर यह छूट मिल जायेगी। परिवहन आयुक्त द्वारा प्रदेश के सभी क्षेत्रीय, अतिरिक्त क्षेत्रीय एवं जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिये गये हैं। दिव्यांग व्यक्ति को दिव्यांगजन सक्षम प्राधिकारी के प्रमाण-पत्र के रूप में केन्द्र या राज्य शासन द्वारा जारी यूनीक डिसऐबिलिटीज आई.डी. कार्ड प्रस्तुत करने पर किराये में 50 प्रतिशत छूट का लाभ दें। केन्द्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा यूनीक आई.डी. फॉर पर्सन विद डिसऐबिलिटीज (यूडीआईडी) प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है। इसमें दिव्यांगों को यूडीआईडी कार्ड दिये जा रहे हैं।

### बीजों के विक्रेता को लायसेंस लेना अनिवार्य

सीहोर। औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लिये बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। बीजों के व्यापार करने के लिये विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। बिना बीज लायसेंस के व्यापार करते पाये जाने पर विक्रेताओं के विरूद्ध बीज अधिनियम-1966 एवं बीज नियंत्रण आदेश 1983 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

### अवैध कॉलोनाइजरों की करतूत, नियमों को दरकिनार कर जिन खेतों में लहलहाती थी फसल, उनमें काटी दीं कॉलोनियां

# कृषि भूमि पर भू-माफियाओं की नजर: लैंडयूज चेंज किए बिना ही माफिया काटते जा रहे अवैध कॉलोनियां

पुराना इंदौर हाईवे, बायपास, इछावर रोड, बरियाखेड़ी, इंदौर नाका, मंडी क्षेत्र और श्यामपुर रोड पर कृषि भूमि का कर रहा कॉमर्शियल बता कर उपयोग। प्रशानिक अधिकारियों को जनकारी होने के बाद भी नहीं कर रहे कार्रवाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मुरली रोड अंडर ब्रिज के पास कटी कॉलोनी



ऑक्सफोर्ड स्कूल के पास कटी कॉलोनी

शहर के आसपास बेशकीमती जमीन पर भू-माफियाओं की नजर पड़ गई है। नियम कायदों को ताक पर रखकर वह कृषि भूमि का उपयोग बदले बिना ही कॉलोनियां काटी जा रही हैं। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जिन खेतों में दो साल पहले तक फसल लहलहाती थी, उन खेतों में प्लाटिंग शुरू हो गई है। भू_माफिया न सिर्फ किसानों को ठग रहे हैं, बल्कि आम लोगों को सस्ते प्लाटों का लालच देकर उन्हें नुकसान पहुंचा रहे हैं। यह सब जानते हुए भी प्रशासनिक अधिकारी कॉलोनाइजरों पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

जमीनों की खरीद फरोख्त में अवैध रूप से कॉलोनियां काटने वालों के खिलाफ प्रशासनिक स्तर पर चुनाव पहले कार्रवाई शुरू हो गई थी। लेकिन यह कार्रवाई विधानसभा चुनाव के कारण बीच में अटक गई। कार्रवाई नहीं होने से अवैध कॉलोनाईजरों की हौंसले बुलंद हो गए हैं। शहरी क्षेत्र से ज्यादा कॉलोनियां तो ग्रामीण क्षेत्र में काटी जा रही हैं। शहर के वार्ड क्रमांक एक बारियाखेड़ी से इंदौर भोपाल हाईवे के आसपास शेरपुर, तकीपुर, लसूडिया परिहार, थूना, पचामा, थूना खुर्द गांव तक अवैध कॉलोनियों का मकड़जाल फैल गया है। इसी तरह इछावर रोड पर क्रिसेंट आसपास अलाहदाखेड़ी, हसनाबाद ग्राम पंचायत में अवैध कॉलोनियां काटी जा रही हैं। इसी तरह मंडी क्षेत्र में बिजौरी जोड़ तक कॉलोनाइजर सक्रिय हो गए हैं। जिन खेतों में दो साल पहले तक फसलें लहलहाती थी वर्तमान में उन खेतों में कॉलोनियां काटकर ग्राहकों को लुभाने के लिए सस्ते प्लाट बेचने के बोर्ड लगा दिया गए हैं। हैरानी की बात तो यह है कि कई कॉलोनियों का डायवर्सन तक नहीं कराया गया है। शासन के रिकॉर्ड में जो भूमि कृषि उपयोग के लिए दर्ज है उसका कॉमर्शियल उपयोग होने लगा है। ऐसा कर कॉलोनाइजर शासन राजस्व का नुकसान पहुंचा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर वह ग्राहकों को सस्ते प्लाट का लालच देकर उन्हें ठग रहे हैं। बावजूद इसके इनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई नहीं की जा रही है।

**खेतों में चूना डाल कर बेच दिए प्लाट :** तहसील कार्यालय से बमुश्किल दो किलोमीटर दूर मंत्री पैट्रोल पंप के पास में खेतों के बीचोंबीच करीब 16 एकड़ में कॉलोनी काट दी है। भविष्य में जब इस कॉलोनी में लोग बस जाएंगे तो मूलभूत सुविधाओं का इंतजाम शासन को कराना पड़ेगा। जबकि नियमानुसार पानी, बिजली, सड़क, पार्क, मंदिर सहित अन्य सुविधाओं का विस्तार कॉलोनाइजरों का करना पड़ता है। लेकिन वह ग्राहकों को लालच देकर प्लाट बेच देते हैं और बाद में अपने वादे से मुकर जाते हैं, जिससे आम लोगों को दिकक्तों का सामना करना पड़ता है। इसलिए ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई जरूरी है।

#### एफआईआर और डायवर्सन शुल्क की होना चाहिए वसूली

प्रशासन ने बीते साल अवैध कॉलोनी काटने वालों पर धोखाधड़ी का मामले दर्ज कराने तैयारी कर ली थी। आष्टा और नसरुल्लागंज में कार्रवाई हुई थी। ठीक उसी तरह शहर और ग्रामीक्ष क्षेत्रों में कॉलोनी काटने वालों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। क्योंकि शरह के बाहर ग्रामीण क्षेत्र में कृषि भूमि का उपयोग बदलवाए बिना ही सैकड़ों एकड़ में कॉलोनियां काट दी गई हैं। इससे शासन को राजस्व का तगड़ा नुकसान पहुंचाया जा रहा है। कॉलोनाइजरों से तय डायवर्सन शुल्क की वसूली भी होनी चाहिए।

#### धोखाधड़ी कराया जाएगा मामला दर्ज

अवैध कॉलोनी काटने वालों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी कर ली गई है। अवैध कॉलोनी काटने वालों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

**नितिन कुमार टाले,** एसडीएम, सीहोर

## 660 गांव तक पहुंचे अयोध्या से आए अक्षत गांव-गांव से प्रत्येक घरों तक अक्षत वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण के बाद प्राण प्रतिष्टा विश्व स्तरीय समारोह में भी विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल सीहोर जिला के द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है। नगर के 10 खंडों सहित जिले के 660 ग्रामों तक श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या जी से आए अक्षत सफलता पूर्वक पहुंच चुके हैं। इधर अब अक्षत वितरण कार्यक्रम अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है जिसमें जिले के सभी गांव गांव से प्रत्येक घरों तक अक्षय वितरण 1 से 15 जनवरी तक संपन्न किया जावेगा। सोमवार को विभिन्न ग्रामों सहित सीहोर नगर के 10 खंडों में अक्षत कलश वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

अक्षत कलश पूजन का कार्यक्रम ग्वालटोली स्थत श्री राधेश्याम मंदिर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विहिप प्रांत सह मंत्री सुनील शर्मा जिला अध्यक्ष जगदीश कुशवाहा जिला मंत्री राकेश विश्वकर्मा नगर अध्यक्ष परमजीत संधू आलेख राठोर एवं समस्त नगर टीम एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाथिकारी सुरेश गुप्ता कमल सिंह ठाकुर राजेंद्र मेवाड़ा प्रताप मेवाडा जितेंद्र सेन मनीष अग्रवाल आदित्य परमार नरेंद्र परमार और नागरिकगण उपस्थित रहे।

## एचडब्ल्यूसी खारी को राष्ट्रीय स्तर पर सर्वाधिक 95 प्रतिशत अंक मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नेशनल क्वॉलिटी एश्यूरेंस स्टेंडर्ड (एनक्यूएएस) के तहत जिले के श्यामपुर विकासखंड के तीन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को राष्ट्रीय स्तर पर सर्टिफाइड किया है। इनमें एचडब्ल्यूसी खारी को राष्ट्रीय स्तर पर 95 फीसदी अंक मिले हैं। जानकारी के अनुसार एचडब्ल्यूसी खारी, लसूड़िया परिहार तथा मोगराराम को राष्ट्रीय स्तर पर सर्टिफिकेशन प्राप्त हुआ है।

जिला एवं विकासखंड स्तरीय क्वालिटी टीम द्वारा व्यापक तैयारियां की गई थी। प्रोग्राम के तहत भारत सरकार की टीम के राष्ट्रीय स्तर के दल में डॉ. नागाराजू (तेलंगाना) तथा डॉ. मनोज कुमार (हरियाणा) शामिल थे। दो दिन तक निरीक्षण दल में शामिल होकर इन संस्थाओं का भ्रमण किया था।

मोगराराम को 84 प्रतिशत अंक मिलेः हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर खारी को राष्ट्रीय स्तर पर उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सर्वाधिक 95 प्रतिशत अंक मिले हैं।

## 8 डिग्री तक पहुंचा न्यूनतम पारा जिले में आज सीवियर कोल्ड-डे



**सीहोर।** जिले में बर्फीली हवाओं ने लोगों को कंपकंपाने पर मजबूर कर दिया है। जहां आज का न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है जबकि अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं सुबह-सुबह कोहरा देखा गया जिससे विजिबिलिटी 50 मीटर तक रही। जानकारी के अनुसार बुधवार का दिन सीहोर जिले में सीवियर कोल्ड डे रहेगा। यहां कल के मुकाबले न्यूनतम तापमान में 1 डिग्री की कमी देखी गई है कल जहां न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था। वहीं आज 8 डिग्री सेल्सियस पर आ गया है लगातार न्यूनतम तापमान गिरने के कारण शीत लहर लोगों को परेशान कर रही है। शासकीय कृषि कॉलेज में स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर एसएस तोमर ने बताया कि उत्तर पूर्व से चल रही हवाओं के कारण शीत लहर अपना असर दिख रही है। आसमान पर हल्के बादल आ-जा रहे हैं जिसके कारण लगातार कोहरा सुबह-सुबह प्रतिदिन छाएगा और न्यूनतम तापमान में और कमी आने की संभावना है।

## 5 साल की बच्ची को स्कूल के ही बाथरूम में ले जाकर की गई थी हैवानियत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



श्यामपुर स्थित एक स्कूल के संचालक भले ही यह कहें कि बच्ची के साथ ज्यादती की घटना स्कूल वैन चालक ने उनके स्कूल परिसर में नहीं की है, लेकिन पीड़ित बच्ची ने पुलिस और न्यायालय को यही बताया है कि स्कूल बस के ड्राइवर ने उसे स्कूल परिसर में बनी बाथरूम में ले जाकर उसके साथ हैवानियत की है। विशेष न्यायाधीश अभिलाष जैन ने पीड़ित बच्ची को अतिशीघ्र 2 लाख रुपए अंतरिम प्रतिकर देने के आदेश जारी किए हैं।

बता दें कि श्यामपुर स्थित एक स्कूल में 13 दिसंबर को स्कूल वेन का चालक विनोद माहेश्वरी नर्सरी में पढ़ने वाली 5 साल की मासूम बच्ची का हाथ पकड़कर जबरन बाथरूम में ले गया और उसके साथ ज्यादती की। यही नहीं जब बच्ची ने उसका विरोध किया तो 32 वर्षीय आरोपी विनोद ने उसका हाथ मरोड़ दिया और उसे घूंसे से मारा भी। यही नहीं किसी को बताने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी थी। जिससे बच्ची बुरी तरह से डर गई थी। बच्ची इतनी डरी-सहमी थी कि स्कूल से घर पहुंचते ही करीब आधे घंटे बाथरूम में बैठी रही। उसकी हालत बहुत खराब थी। गंभीर हालत में परिजन उसे लेकर सीधे भोपाल के हमीदिया अस्पताल पहुंचे थे। जहां अस्पताल की तहरीर पर पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस को पीड़ित बच्ची की मां ने पूरी बात बताई। विशेष लोक अभियोजक केदार सिंह कौरव द्वारा पॉक्सो एक्ट के नियमों के तहत पीड़िता के चिकित्सा व्यय, भरण पोषण और शैक्षणिक अनिवार्यता के लिए न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया था। जिस पर विचार कर न्यायाधीश अभिलाष जैन ने प्रतिकर राशि देने के आदेश जारी किए हैं।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान कार्यक्रम आयोजित किया

# हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत किया जा रहा हितलाभ का वितरण : तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





प्रदेश के साथ ही जिले में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान अनेक विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर हितग्राहियों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है और योजनाओं से छूटे हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा में जनप्रतिनिधियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया जा रहा है। साथ ही ग्राम पंचायतों में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं।

आष्टा की ग्राम पंचायत बड़खोला में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी, सहायक कलेक्टर अर्पित गुप्ता तथा एसडीएम आनन्द सिंह राजावत शामिल हुए और हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी ने कहा कि केन्द्र सरकार की जनहितेषी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रदेश के साथ ही पाँच राज्यों में विकसित भारत संकल्प यात्रा जा रही है। यात्रा के दौरान ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों में शासन की विभिन्न योजनाओं से छूटे हुए हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जा रहा है।

सीईओ तिवारी ने कहा कि सभी ग्रामवासी इस यात्रा में आकर योजनाओं की जानकारी ले और अपने साथ-साथ अन्य नागरिको, जो योजनाओं का लाभ पाने से अभी तक वंचित हो, उन्हें यात्रा के दौरान योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री उज्जवला योजना 2.0 के तहत महिलाओं से गैस कनेक्शन के लिए आवेदन प्राप्त किए जा रहे है। स्वास्थ्य शिविर लगाकर हितग्राहियों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ दिया जा रहा है। आधार कार्ड अपग्रेड के लिए कैम्प लगाया जा रहा है। पशुपालकों तथा मछुआरों के क्रेडिट कार्ड के लिए नए आवेदन लिए जा रहे है, जन धन जीवन ज्योति योजना के आवेदन, कृषि विभाग द्वारा केसीसी उन्नत कृषि यंत्र, पीएचई विभाग नल जल योजना,राजस्व विभाग द्वारा पीएम किसान निधि एवं स्वामित्व योजना के साथ अन्य योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी सभी को ₹हमारा संकल्प विकसित भारत₹ की प्रतिज्ञा दिलाते हुए कहा कि भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे। गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकेंगे। देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करेंगे। भारत की एकता को सुदृढ़ करेंगे और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करेंगे। नागरिक होने का कर्तव्य निभाएंगे।

## गेहूं फसल में दवाओं का छिड़काओं करें

**सीहोर।** गेहूं में जड़माहू कीट एवं विभूति आदि किटों का प्रभाव कम हुआ है। फिर भी यदि गेहूं में जड़माहू किट का प्रभाव एवं गेहूं में पिलापन दिख तों दवा का छिड़काव जरूर करें। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा वर्षों की भाँति इस वर्ष भी गेहूं फसल में जड़ माहू कीट का प्रकोप दिखाई दे रहा है। गेहूं फसल के खेतों में अनेक स्थानों पर पौधे पीले होकर सूख रहे हैं। समय पर निदान न किये जाने पर इस कीट द्वारा गेहूं फसल में बड़ी क्षति की सम्भावना रहती है। जड़ माहू कीट गेहूं के पौधे के जड़ भाग में चिपका हुआ रहता है, जो निरन्तर रस चूसकर पौधे को कमजोर व सुखा देता है। प्रभावित खेतों में पौधे को उखाड़कर ध्यान से देखने पर बारीक-बारीक हल्के पीले, भूरे व काले रंग के कीट चिपके हुए दिखाई देते हैं। मौसम में उच्च आर्द्रता व उच्च तापमान होने पर यह कीट अत्यधिक तेजी से फैलता है। अनुकूल परिस्थितियाँ होने पर यह कीट सम्पूर्ण फसल को नष्ट करने की क्षमता रखता है। कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, सेवनिया के वैज्ञानिकों ने बताया कि जिन क्षेत्रों में अभी तक गेहूं फसल की बुवाई नही की गयी है, वहाँ पर बुवाई से पूर्व इमिडाक्लोरोप्रिड 48 प्रतिशत, एफएस. की 01 मिली. दवा अथवा थायोमेथॉक्जॉम 30 प्रतिशत, एफएस दवा की 1.5 मिली मात्रा प्रति किलोग्राम की दर से बीज उपचार अयवश्य करें।

खबर संक्षेप

## निर्माणाधीन ट्रांसपोर्ट नगर का देविप्रा अध्यक्ष ने किया निरीक्षण



**देवास।** देविप्रा अध्यक्ष ने निर्माणाधीन ट्रांसपोर्ट नगर का मंगलवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ निर्माण एजेंसी के अधिकारी मौजूद थे। देविप्रा अध्यक्ष राजेश यादव ने निर्माणाधीन ट्रांसपोर्ट नगर का औचक निरीक्षण कर निर्माण कार्यो की गुणवत्ता देखी। साथ ही शेष बचे कार्यों को दुरत गति से पूर्ण करने हेतु संबंधित निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया। यादव ने बताया कि हमारा प्रयास है कि ट्रांसपोर्ट नगर का कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण कर लोकार्पित किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान प्राधिकण अध्यक्ष यादव किए जा रहे है निर्माणाधीन कार्यो से संतुष्ट दिखाई दिए। साथ ही यादव ने कार्यो की गुणवत्ता को लेकर निर्दश भी दिए, और गुणवत्ता को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। साथ ही कार्य समय सीमा में पूर्ण हो उसको लेकर भी निर्देश दिए गए। ट्रांसपोर्ट नगर के शीघ्र बनने से शहर की एक बड़ी समस्या से शहर के नागरिक को मुक्ति मिलेगी इस अवसर पर प्राधिकरण सीईओ अभिषेक शर्मा सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

### मध्यप्रदेश कांग्रेस की कमान मिलने के बाद देवास पहुंचे पटवारी

# हम सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाएंगे भाजपा को याद दिलाएंगे वादे: पटवारी





आतिशबाजी के साथ जेसीबी से हुई फूलों की वर्षा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी मंगलवार को देवास पहुंचे। पटवारी का सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा व आतिशबाजी कर भव्य स्वागत किया। उज्जैन रोड़, एबी रोड़ सयाजी गेट होते हुए पटवारीबक काफिला शहर के सबसे व्यस्तम मार्ग एमजी रोड़ पहुंचा। शहर के अमलतास अस्पताल से भोपाल चौराहे बायपास तक हुआ पटवारी का भव्य स्वागत हुआ। स्वागत के दौरान जीतू पटवारी बोले एक सत्ता व एक विपक्ष रेल की दो पटरियों की तरह हैं जो कि लोकतंत्र को जिंदा रखती है। हमारा दायित्व हम जिम्मेदारी से निभाएंगे। जीतू पटवारी बोले की एक विपक्ष का दायित्व होता है कि वह सरकार को उसकी बताई हुई योजनाओं का लाभ जनता तक दिलवाएं। भाजपा की सरकार ने वादा किया था धान 3100 रुपये प्रति क्विंटल होगा। व बहनों के खातों में 3000 आएंगे तो यह कोशिश करेंगे कि सरकार उसका दायित्व पूरा करे। उनको हर वादे याद दिलाएंगे। जो योजनाओं में भाजपा ने वचन पत्र में कहा था। हम एक सशक्त विपक्ष की भूमिका में निभाएंगे। जनता का विपक्ष पर पूरा भरोसा है। इसका दायित्व मिला है जिम्मेदारी अच्छे से निभाएंगे। कांग्रेस हाई कमान ने मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी में बड़े बदलाव करते हुए प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी को बना दिया है। मंगलवार जीतू पटवारी अपनी जिम्मेदारी संभालते हुए उज्जैन से भोपाल प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। ऐसे में इंदौर-उज्जैन व देवास होते हुए व भोपाल की और अध्यक्ष पद का दायित्व संभालने रवाना हुए और जिन-जिन जिलों से जीतू पटवारी गुजरे वहां पर सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत करते हुए पुष्प वर्षा कर आतिशबाजी की और उनका भव्य स्वागत करते दिखाई दिए। देवास में भी यही नजारा देखने को मिला है, जहां पर सयाजी गेट से भोपाल चौराहे तक उनकी रैली में सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए और जीतू पटवारी का स्वागत किया गया। प्रदेश कांग्रेस के नव नियुक्त अध्यक्ष जीतू पटवारी मंगलवार को उज्जैन में बाबा महाकाल के दर्शन के बाद देवास पहुंचे थे। उज्जैन के रास्ते देवास तक उनका कई जगह स्वागत किया गया। उनके समर्थकों ने पटवारी पर जेसीबी से फूल बरसाए। देवास में एक रैली भी निकाली गई, जो तहसील चौराहा, नॉवेल्टी चौराहा, सुभाष चौक, एमजी रोड, जनता बैंक चौराहा, जैन मंदिर रोड, नयापुरा, नाहर दरवाजा होते हुए भोपाल चौराहा पहुंची। रैली का जगह-जगह स्वागत हुआ। इसके बाद उनका काफ़िला भोपाल के लिए रवाना हुआ। मंगलवार को जैसे ही जीतू पटवारी का काफ़िला देवास पहुंचा, बड़ी संख्या में यहां मौजूद कांग्रेसियों ने उनका स्वागत किया। मंच पर धक्का मुक्की के चलते पटवारी बिना हार पहनें नीचे आ गए और अपनी गाड़ी में सवार होकर आगे बढ़ गए।

# जिला अस्पताल में साफ सफाई व अन्य व्यवस्था को दुरस्त करें: कलेक्टर

### निरीक्षण कर कार्य पूर्ण करने दिए निर्देश



**देवास।** जिला अस्पताल का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर गुप्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने जिला अस्पताल में निर्माणाधीन 100 बेड मेटरनिटी भवन और 50 बेड क्रिटिकल केयर यूनिट का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर गुप्ता ने निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन 100 बेड के मेटरनिटी भवन में बनाये जा रहे विभिन्न वार्ड और सेक्शन के संबंध में संबंधित अधिकारियों से विस्तार से जानकारी ली और कार्य की गति धीमी होने और समय-सीमा में कार्य पूर्ण नही करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए 24 घण्टे कार्य जारी रखते हुए कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये।

### कलेक्टर ने निर्माण एजेंसी को दिए निर्देश

इस दौरान इंजीनियर द्वारा 15 फरवरी तक समस्त निमार्ण कार्य पूर्ण करने और लिफ्ट लगाये जाने की बात कही गई। जिला अस्पताल परिसर में ट्रामा सेन्टर के समीप नवीन निर्माणाधीन 50 बेड क्रिटिकल केयर युनिट के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर गुप्ता ने निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में भवन और पार्किंग व्यवस्था सहित समस्त कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन डॉ एम.पी. शर्मा ने क्रिटिकल केयर युनिट में मरीजों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी दी। इस दौरान बताया गया कि 50 बेड क्रिटिकल केयर युनिट में 20 सामान्य बेड, 22 बेड आईसीयू और 8 बर्न बेड सहित ब्लड बैंक की सुविधा होगी। जिला चिकित्सालय में आने वाले मरीजों के अटेंडर को आने-जाने के लिए पास दें। जिला अस्पताल परिसर के सभी पुराने भवन और नवीन निर्माणाधीन भवनों के पानी की निकासी के संबंध में नगर निगम, पीडब्लूडी विभाग के इंजीनियर को निर्देश दिये कि सम्पूर्ण परिसर की प्लानिंग कर कार्यवाही करें।

### मार्ग पर रोशनी करने लगाए स्ट्रीट लाइट

अस्पताल परिसर में साफ-सफाई कर अनुपयोगी जगह को व्यवस्थित करते हुए निगम के अधिकारी सें समन्वय कर अच्छे गार्डनो का निर्माण कराया जाये। नर्सिंग कालेज की तरफ रास्ते में स्ट्रीट लाईट लगवायी जाये। परिसर में सभी पुरानी नालियो को ठीक करवाये और लाईट के वायरो को सुव्यवस्थित करें। निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर अभिषेक शर्मा, सीएमएचओ डॉ विष्णुलता उईके, सिविल सर्जन डॉ एम.पी. शर्मा, आर.एम.ओ. डॉ अजय पटेल, अस्पताल मैनेजर प्रमोद गुणवान, शीला शुक्ला, पीडब्लूडी, नगर निगम, हाउसिंग बोर्ड के इंजीनियर, अस्पताल प्रबंधक सहित अन्य चिकित्सक एवं स्टॉफ उपस्थित था।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा व आभार रैली का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ हाटपीपल्या

विकसित भारत संकल्प यात्रा और आभार रैली का हुआ स्वागतहाटपीपल्या। विकसित भारत संकल्प यात्रा एवं आभार रैली का आयोजन रविवार को किया गया। नवनिर्वाचित विधायक मनोज चौधरी के नेतृत्व में ग्राम राजोदा से विकसित भारत संकल्प यात्रा एवं आभार रैली प्रारंभ हुई, जो सिरोल्या, बरोठा, नेवरी अरलावदा होकर हाटपीपल्या पहुंची।

जहां विधायक चौधरी एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने राजनीति के संत पूर्व सीएम स्व. कैलाश जोशी के स्मारक स्थल पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। गीता भवन से ढोल-ढमाके के साथ निकली रैली में विधायक चौधरी का भव्य स्वागत किया गया। नेवरी-बागली मार्ग पर दर्जनों मंच से पुष्पवर्षा की गई। करीब आधा दर्जन स्थानों पर जेसीबी से फूल बरसाए गए। स्कूल चौराहा, नेवरी बागली मार्ग, बजरंग चौराहा, नेताजी सुभाष मार्ग, महावीर मार्ग, महाकाल मार्ग व बस स्टैण्ड होते हुए नगर परिषद कार्यालय पहुंची। रैली के मार्ग पर आतिशबाजी भी की गई। भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ही विभिन्न समाजों के साथ ही आभार रैली का सेकंडों मंचों से स्वागत किया गया। नगर में नगर परिषद अध्यक्ष चंद्रकांता अरुण राठौर, भाजपा मंडल अध्यक्ष देवकरण पाटीदार, कपिल तंवर, विजय सिंह शक्तावत, दुलीचंद कुंभकार, कृपाल सिंह सेंधव, प्रविण सक्सेना, गौरव निमावत, नगर परिषद उपाध्यक्ष निर्भय सिंह तलैया, पार्षद महेंद्र यादव, पार्षद प्रतिनिधि संदीप मालवीय, पार्षद दीपक धोसरिया, पार्षद मदन बुंदेला, पार्षद प्रतिनिधि भुजराम जाट, पार्षद प्रतिनिधि राजकिशोर जायसवाल, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष गौरव मेश्रा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष शुभम् तंवर, नगर अध्यक्ष शुभम् राजपूत, रायसिंह सेमली, मनोहर सिंह सेमली, यशवंत चौहान, रमेश संदुकलिया, हेमंत धोसरिया,सकिल मनसुरी, कपिल शर्मा, विशाल नागर, रोहित बडगुजर,हरिश बंजारा द्वारा भी मंचों के माध्यम से स्वागत किया गया तथा नागरिकों ने भी पुष्पमालाओं से स्वागत किया। रैली में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व नागरिक शामिल हुए। इस दौरान विधायक चौधरी ने मतदाताओं का आभार व्यक्त किया।

# प्रभारी के भरोसे महाविद्यालय हो रहा संचालित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में उचित शिक्षा देने का दावा हर बार मंचों से करती है। करोड़ों रुपए शिक्षा के नाम पर खर्च भी हो रहे हैं, लेकिन आज भी आदिवासी बहुमूल्य क्षेत्र में संचालित शासकीय संस्थानों पर छात्र-छात्राओं को शिक्षा के लिए कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।बागली नगर का एकमात्र शासकीय महाविद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जहां पर सुचारू रूप से पढ़ाई नहीं हो पा रही है।सोमवार के दिन शासकीय स्व. कैलाश जोशी महाविद्यालय बागली के छात्र-छात्राओं को अपने हक की लड़ाई के लिए धरना प्रदर्शन करना पड़ा।महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर ताला लगाकर सभी छात्र-छात्राओं ने धरना प्रदर्शन किया और शिक्षक शिक्षिकाओं को भी अंदर प्रवेश नहीं करने दिया, बता दे की वर्तमान में उक्त महाविद्यालय बदहाल स्थिति के दौर से गुजर रहा है।महाविद्यालय में 6 माह से अकाउंट शिक्षक नहीं है। साफ सफाई कर्मी नहीं है। साफ सफाई स्टूडेंट को ही करना पड़ती है। कॉलेज में असामाजिक तत्वों को आना-जाना लगा रहता है जिसको लेकर छात्र प्रभारी प्राचार्य से बात करते हैं तो प्राचार्य द्वारा एक दूसरे पर पल्ला झाड़ दिया जाता है। धरने के दौरानविद्यार्थी परिषद नगर मंत्री रवि गुर्जर, महाविद्यालय अध्यक्ष अभिषेक जायसवाल महाविद्यालय मंत्री विजय राठौड़ सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# एमबीबीएस छात्र का रिसर्च प्रकाशित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



अमलतास मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस छात्र प्रिंस जैन पिता अनिल जैन का आईसीएमआर द्वारा चयनित रिसर्चवर्क दुनिया की शीर्ष साइंस जर्नल में प्रकाशित हुआ है । आईसीएमआर द्वारा प्रिंस जैन के रिसर्च वर्क को पूरे भारत के टॉप 30 रिसर्च में स्थान प्राप्त हुआ था । प्रिंस जैन अमलतास मेडिकल कॉलेज ,देवास में फाइनल ईयर के छात्र है व इंदौर के निवासी है।

प्रिंस जैन ने अमलतास में सरकार द्वारा बनाई गई वेक्सिन कितनी कारगर है ,वैक्सीन का दूसरा डोज लगने के बाद कितने समय तक एंटीबॉडीज़ शरीर में रहेगी और कितने समय के बाद जनता को बूस्टर डोज की ज़रूरत पड़ेगी जैसे विषय पर रिसर्च कर कोरोनाकाल में संपूर्ण मेडिकल जगत में अपनी संस्था, मातापिता व गुरुजनों को गौरवान्वित किया । हाल ही में ,उन्हें मध्यप्रदेश के इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के "स्टेट जनरल सेक्रेटरी" पद पर नियुक्त किया गया है। वह इतने बड़े पद को पाने पर बाबा महाकाल का आभार मानते है। मेडीविज़न (एबीवीपी) के वह मालवा प्रांत के सहप्रमुख पद पर निर्वाचित है।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में 2019 से कार्यरत है। आज उनके रिसर्च वर्क की सराहना वर्ल्ड की शीर्ष साइंस मैगज़ीन "द साइंटिस्ट" ने की है ।वो अपने इस रिसर्च की सफलता का श्रेय रिसर्च की मार्गदर्शक डॉ नीतू शर्मा को देना चाहते है। इस अवसर पर संस्थान के डायरेक्टर सुरेश सिंह भदौरिया, चेयरमैन मयंक सिंह भदौरिया,अमलतास यूनिवर्सिटी के डीन डॉ शरद चंद्र वानखेड़े, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अभिलाष कुमार पीठवा, एसोसिअट प्रोफेसर डॉ नीतू शर्मा व संस्थान के छात्रो द्वारा उनका सम्मान किया गया व शुभकामनाएँ दी गई।

# पदोन्नति पर प्राचार्य जेपी कुजूर का शिक्षकों ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा




**चापड़ा।** प्रचार्य का स्वागत करते हुए स्कूल का स्टाफ।

समीप स्थित एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय मातमोर में पदस्थ प्राचार्य जेपी कुजूर के प्रमोशन के साथ ही मातमोर से अन्य संस्था में स्थानांतरण होने पर मंगलवार के दिन विद्यालय की ओर से प्राचार्य प्रभारी प्रियंका तिवारी के नेतृत्व में सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जहां पर विद्यालय सहित गांव के वरिष्ठ जनों ने प्राचार्य जेपी कुजूर को साफा बांधकर एवं अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया।इस दौरान अन्य शिक्षकों एवं बच्चों द्वारा भी जेपी कुजूर का पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया गया। प्रमोशन के साथ ही कूजूर का टोकखुर्द क्षेत्र में स्थानांतरण हुआ है। इस दौरान शिक्षक कुजूर ने कहा कि मातमोर में सभी ग्रामीणों के सहयोग से इस विद्यालय को बेहतर बनाने का पूरा प्रयास किया है।

आयोजित हुएर कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच हीरा जाट ,भूजराम जाट,दिनेश बड़ोदिया, जन शिक्षक मुबारिक शेख, गिरधारी लाल मालवीय ,अश्विन घोरपड़े ,जगदीशचंद मालवीय, दीपसिंह ठाकुर,शशि शर्मा, रीना जाट, राजेन्द्र बैरागी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य प्रियंका तिवारी ने किया। अंत में आभार दीपसिंह ठाकुर ने व्यक्त किया।

### नगर मंडल अध्यक्ष प्रिंस राठौर के नेतृत्व में हुआ विरोध प्रदर्शन

# कांग्रेस सांसद कल्याण बैनर्जी का किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




बुधवार को भाजपा के आह्वान पर सीहोर भाजपा नगर मंडल के द्वारा संसद के बाहर विपक्षी सांसदों द्वारा उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री विवाद पर कोतवाली चौराहे पर तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बैनर्जी का पुतला दहन किया।इस मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष और नगर पालिका के अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि टीएमसी सांसद द्वारा उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री करना और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा निंदा करने की बजाय उसका वीडियो बनाना कांग्रेस के चरित्र को दर्शाता है।

### जनता की भावनाओं का अपमान किया

उन्होंने करोड़ों जनता की भावनाओं का अपमान किया है देश चाहता है कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी माफी मांगे क्योंकि उन्होंने हमारे सर्वोच्च संवैधानिक पद का अपमान किया है। कांग्रेस और गठबंधन लगातार भारत को अपमान करने का काम कर रही है क्योंकि इनके मन में भारत नहीं बल्कि इटली है इसलिए भारत के मान-सम्मान से इन्हें कोई लेना देना नहीं है। आज देश अपमानित हुआ है इन्हें देश से माफी मांगना चाहिए। बुधवार की शाम को भाजपा नेताओं ने शहर के कोतवाली चौराहे पर प्रदर्शन कर टीएमसी के सांसद ने संविधानिक पद पर बैठे उपराष्ट्रपति की मिमिक्री की। उसकी निंदा करने की जगह राहुल गांधी ने वीडियो बनाया। यह कांग्रेस का गंदा चरित्र है कि वह संविधानिक पद पर बैठे लोगों का अपमान करती है। संविधान की धज्जियां उड़ाती है। इसके खिलाफ आज भारतीय जनता पार्टी ने पूरे देश में प्रजातंत्र की रक्षा के लिए और संविधानिक पद पर बैठे लोगों के स्वाभिमान की रक्षा के लिए पुतला दहन किया है। भाजपा प्रजातंत्र की हत्या नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि आज प्रजातंत्र की रक्षा के लिए लिए भाजपा आज सडक़ पर है। पुतला दहन कार्यक्रम के दौरान भाजपा महामंत्री राजकुमार गुप्ता, सन्नी महाजन, प्रदीप बिजोरिया, ब्रजमोहन सोनी, कन्हैया लाल मालवीय, राजेश पाटीदार, आशुतोष त्यागी, आशीष पचौरी, सुनील राय, गुलशन जैन, राजेश परिहार, पुष्पलता राठौर, सोनू ठाकुर, मोहन अग्रवाल, राकेश शर्मा, रोहित यादव, जगदीश, नीरज सरपंच आदि रहे मौजूद।

# बकाया जल कर जमा नहीं करने वालों के काटे जा रहे कनेक्शन

**सीहोर।** नगर पालिका को जलकर के करीब 4 करोड़ रुपए वसूल करना हैं लेकिन लोग टैक्स की इस राशि को जमा नहीं कर रहे हैं। इसलिए अब नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। स्वदेश नगर में अमला फिर पहुंचा और 5 कनेक्शन काटने के साथ सभी से कहा कि जिनकी राशि बकाया है वे उसे जमा करें अन्यथा नल कनेक्शन काट दिया जाएगा।

इन दिनों नलों के कनेक्शन काटे जा रहे हैं। नगर पालिका इस समय पूरा फोकस विभिन्न टैक्स की राशि को वसूल करना है। इसी में जलकर के करीब 4 करोड़ रुपए शहरवासियों से वसूल करना हैं। स्वदेश नगर में भी करीब 480 परिवार रहते हैं जिनमें से अधिकतर के पास नल कनेक्शन हैं। इनमें से बड़ी संख्या में लोग ऐसे हैं जो पानी का उपयोग तो करते हैं लेकिन टैक्स की राशि जमा नहीं करते हैं।



5 नल कनेक्शन काटे आज भी कार्रवाई नगर पालिका अब नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई करेगी। अभी स्वदेश नगर में 5 नल कनेक्शन हटाए गए हैं। इसी के साथ अन्य लोगों से कहा गया कि वे अपनी जलकर की बकाया राशि को जमा करा दें अन्यथा फिर कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका को नगर के लोगों से करीब 20 करोड़ वसूल करना है। इनमें सबसे अधिक संपत्ति कर की राशि है जो करीब 10 करोड़ से अधिक है। इसी तरह अन्य टैक्स की राशि भी अभी वसूल करना है।

### बगैर निर्देशों के राजस्व विभाग के हेड 0070 में जमा करवाई गई यह राशि

# आर्थिक सहायता गबन मामले में राजस्व हेड में जमा करवाए 8 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

सर्पदंश से होने वाली मृत्यु के प्रकरणों में राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रावधानों के तहत मृतक के वैध वारिसों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता मद में राजगढ़ में बड़ा गड़बड़झाला हुआ है। साल 2019-20 में राजगढ़ तहसील में हुई करीब 16 लाख की आर्थिक गड़बड़ी के इस मामले में कुछ माह पूर्व कलेक्टर द्वारा करवाई गई जांच में तत्कालीन टीओ (कोषालय अधिकारी) एवं तहसीलदार भी दोषी पाए गए थे। यह सारा गड़बड़झाला करने वाले तत्कालीन नायब नाजिर दीपक मेहर को पूर्व में ही सस्पेंड किया जा चुका है।

हरिभूमि को मिली जानकारी के अनुसार इसी गड़बड़ी को छिपाने बगैर किसी के निर्देशों के करीब दो माह पूर्व साइबर चालान के जरिए अलग-अलग अमाउंट में 8 लाख रुपए की राशि भी जमा करवा दी गई है। यह आठ लाख की राशि साइबर चालान के जरिए राजस्व हेड 0070 में जमा करवाई गई है। संभवतः इस राशि को उन लोगों ने जमा करवाया है जो प्रत्यष, अप्रत्यष रूप से मामले के दोषी हैं। जबकि, राशि जमा करवाने को लेकर किसी तरह का पत्राचार किसी से भी नहीं किया गया है। ऐसे में इस राशि को जमा करवाने के पीछे उन अधिकारियों का भी हाथ हो सकता है जो बाद में करवाई गई जांच में दोषी पाए गए हैं।

#### एफआईआर के लिए तहसील से थाने नहीं पहुंचा प्रतिवेदन

16 लाख के गबन के इस मामले में मुख्य भूमिका में रहे सस्पेंडेड नायब नाजिर दीपक मेहर पर आपराधिक प्रकरण दर्ज करने तहसील कार्यालय से राजगढ़ कोतवाली थाने में प्रतिवेदन, आवेदन भेजा गया था। इस प्रतिवेदन में कुछ दस्तावेजों की कमी थी। ऐसे में कोतवाली थाने से पुनः तहसील कार्यालय को उसे भिजवा दिया गया ताकि दस्तावेजों की कमी पूर्ण करके उसे फिर से थाने भिजवाया जा सके। लेकिन, दोषी पर एफआईआर के लिए दस्तावेजों की कमी पूरी करके पुनः प्रकरण को थाने नहीं भिजवाया गया है।

#### मुख्य आरोपी के अलावा जो अन्य दोषी वे जमा करवा रहे हैं राशि


हरिभूमि 16 Oct 2023
जांच में हुआ खुलासा, सभी की संलिप्तता से की गई 16 लाख की गड़बड़ी
16 लाख रुपए का घोटाला, तत्कालीन तहसीलदार और टीओ भी निकले दोषी

हद है... एफआईआर के लिए तहसील और थाने के बीच घूम रहा प्रतिवेदन!

आर्थिक सहायता में हुए 16 लाख के घोटाले का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

पानी में डूबने से हुई मृत्यु के मामलों में शासन से दी जाने वाली आर्थिक सहायता मद में राजगढ़ तहसील में हुए 16 लाख का घोटाला सामने आया था। घोटाले में दोषी पाए गए कर्मचारी को सस्पेंड तो कर दिया गया लेकिन संबंधित पर अभी तक थाने में आपराधिक मामला दर्ज नहीं हो पाया है।

दरअसल, 16 लाख की आर्थिक गड़बड़ी के इस गंभीर मामले में कलेक्टर के निर्देशों पर भी निलंबित किए कर्मचारी दीपक मेहर पर एफआईआर नहीं हो पा रही है। राजगढ़ तहसील से कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज करने हेतु भेजे गए जांच प्रतिवेदन में कुछ दस्तावेजों की कमी थी। इसलिए कोतवाली ने इस प्रतिवेदन को पुनः तहसील पहुंचाया। ताकि, सभी आवश्यक दस्तावेज प्रतिवेदन के साथ सलग्न हो सकें। लेकिन तहसील से उक्त प्रतिवेदन में दस्तावेजों की कमी पूरी कर उसे थाने अभी तक नहीं पहुंचाया गया है।

**राशि जमा कराने की जुगत**

आपको बता दें की पूरे मामले की बाद जो जांच हुई उसमे तत्कालीन तहसीलदार, जिला कोषालय अधिकारी भी दोषी निकले थे। लेकिन, इन पर अभी तक किसी तरह की कोई कार्रवाई देखने नहीं मिली है। सूत्रों के अनुसार मामले में संलिप्त जन गड़बड़ी की राशि को भी पुनः शासन के खाते में जमा करवाने की जुगत में हैं, ताकि एफआईआर होने से बच सकें और मामला न्यायालय तक न पहुंचे।

**मैं दिखवा लेता हूं**

संबंधित कर्मचारी मेरे समय में सस्पेंड नहीं हुआ है। यह पूरा क्या मामला है, मैं दिखवा लेता हूं।

विराट अवस्थी, तहसीलदार, राजगढ़

#### 2019-20 में हुई है यह सारी वित्तीय गड़बड़ी

करनवास निवासी गीताबाई की सर्पदंश से मृत्यु हुई थी। यह साल 2019-20 की बात है। मृतिका के वारिसों को आर्थिक सहायता देने का प्रकरण राजगढ़ तहसील से बनाया गया। मृतिका गीताबाई के वैध वारिसों को 4 लाख का भुगतान भी कर दिया गया। गड़बड़ यहां से हुई कि इन्हीं गीताबाई के प्रकरण में राजगढ़ तहसील कार्यालय द्वारा 3 और प्रकरण बनाकर कोषालय में भुगतान हेतु भेजे गए और 3 अलग-अलग खातों में तीन बार 4-4 लाख की राशि ट्रांसफर की गई। यह सब तत्कालीन नायब नाजिर दीपक मेहर द्वारा किया गया। ऑडिट टीम ने गड़बड़ी पकड़ी और प्रशासन ने पूरे मामले की जांच करवाई। जांच दल ने दीपक मेहर के अलावा तत्कालीन तहसीलदार और तत्कालीन जिला कोषालय अधिकारी को भी दोषी माना था। इस संबंध में जिला कोषालय अधिकारी राजगढ़ आरएल गोलिया का कहना है कि जो दोषी थे उन्होंने ही चालान द्वारा राशि जमा करवाई है।

# भोपाल जेल में बंद आरोपी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनाई सजा

### आदतन अपराधी को छेड़छाड़ मामले में हुई 7 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



जिला न्यायालय में पदस्थ तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अब्दुल कदीर मंसूरी ने नाबालिग से छेड़खानी मामले में आरोपी को 7 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। चूंकि, आरोपी पूर्व से भोपाल सेंट्रल जेल में बंद है ऐसे में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए उसे यह सजा सुनाई गई।

**क्या था पूरा मामला**

जिला लोक अभियोजक आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि 11 जनवरी 2022 को पीड़िता बाजार गई थी। तब अभियुक्त ने पीड़िता बालिका को अकेला पाकर उसके साथ छेड़खानी की। बालिका ने किसी तरह अपने को छुड़ाया और घर जाकर माता-पिता को पूरी बात बताई। पीड़िता द्वारा माता-पिता के साथ ब्यावरा सिटी थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करवाई गई। इसी अभियुक्त ने पीड़िता के साथ एक अन्य अपराध भी पूर्व में घटित किया था। इसके अतिरिक्त आरोपी का पहले से आपराधिक रिकार्ड है और दो, तीन अन्य बालिकाओं से भी इसी तरह की हरकतें कर चुका था जिसके चलते वो भोपाल जेल में बंद है। अब इस मामले में अभियोजन के साक्ष्यों एवं तर्कों से सहमत होकर न्यायालय ने विभिन्न धाराओं में 7 साल की सजा और सुनाई है। आरोपी को यह सजा वीडियो कान्फ्रेसिंग के जरिए सुनाई गई।

## छापी बांध में नहाने गए युवक की डूबने से मौत

**जीरापुर**। मंगलवार सुबह छापी बांध में नहाने गए 25 वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गई। लगभग तीन घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से डूबे युवक का शव बाहर निकाला। जैसे ही बांध में युवक के डुबने की खबर लोगों को लगी भारी भीड बांध के घाट के आसपास जमा हो गई। मिली जानकारी अनुसार सुबह 7 बजे कुशवाह मोहल्ला निवासी राकेश पिता कन्हैयालाल कुशवाह उम्र 25 साल छापी बांध पर नहाने गया था इस बीच युवक अपने कपड़े घाट पर रखकर डेम में नहा रहा था कि इसी दौरान डेम में पडी जाली युवक के गले में उलझ गई जिसके कारण युवक गहरे में पानी में डुब गया इस बीच डेम पर पहुंचे अन्य लोगों ने बांध में युवक के डुबने की खबर दी। जैसे युवक के डुबने की खबर पुलिस व अन्य लोगों को पता चली छापी बांध पर लोगों की भारी भीड लग गई। स्थानीय लोगों ने युवक को डेम में तलाशने में जुट गए। करीब तीन घंटे की मशक्कत के उपरांत युवक को बाहर निकाल कर सीविल अस्पताल लाया गया, जहा डाक्टरों ने परीक्षण कर मृत घोषित कर दिया। मृतक युवक का पीएम कराकर शव परिजनों को सौंपा दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# मांस, अंडे की अवैध दुकानों पर नगर परिषद पानखेड़ी ने की कार्रवाई

### धार्मिक स्थलों से ध्वनि विस्तारक यंत्र भी उतारे जा रहे



**कालापीपल**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा जारी आदेश के बाद नगर परिषद पानखेड़ी में अवैध रूप से संचालित मांस, मछली व अंडे की दुकानों पर कार्रवाई करते हुए दर्जनभर से अधिक दुकानदारों को नोटिस देकर हिदायत दी गई। कार्रवाई की भनक लगते ही अवैध संचालित दुकानदारों में भगदड़ मच गई। नगर परिषद सीएमओ प्रवीण गंगवाल ने दुकानदारों को बताया कि अब सभी दुकानदारों के पास लाइसेंस होना चाहिए और शासन की गाइडलाइन के हिसाब से ही अब आपको दुकान संचालित करना है।

प्रशासन के निर्देश पर नगर के धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर, सायरन आदि ध्वनि विस्तारक यंत्र हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए अधिकारियों ने संबधित धर्मगुरु और वहां के प्रमुख लोगों को प्रदेश सरकार के नियम का हवाला देते धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर, सायरन जैसे ध्वनि विस्तारक यंत्र हटाने की बात कही थी, जिसके बाद सभी ने स्वेच्छा से उन्हे हटाने का आश्वासन दिया।

### बाबा अलमस्त की समाधि पर कलाकारों का लग रहा मजमा, श्रवण करने पहुंच रहे श्रोता

# क्या भरोसा इस जिंदगी का, साथ देती नहीं ये किसी का...!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



बाबा अलमस्त नाथ महाराज की समाधि पर चल रहे अखंड भजन सप्ताह में बाल कलाकार भी लोगों का मन मोह रहे हैं। हरमोनिया की सुरीली आवाज, ढोलक की थाप और मंजीरों की झंकार के बीच भजनों की प्रस्तुतियां दी जा रही हैं। वाद्ययंत्रों के जिले के इस सबसे बड़े आयोजन में बाल कलाकर अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर रहे हैं। क्या भरोसा है इस जिंदगी का, साथ देती नहीं यह किसी का....! वृंदावन जाउंगी सखी री लौट के न आउंगी, मुझे लगी विरह की पीर सखी वृंदावन जाउंगी....! सहित गुरू महाराज द्वारा लिखित भजन की स्वर लहरियां श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर रही हैं। नगर के इंदौर नाका क्षेत्र स्थित मीना समाज धर्मषाला परिसर में समाधिस्थ बाबा अलमस्तनाथ जी महाराज की समाधि पर अखण्ड भजन कीर्तन सप्ताह का 63 वॉ महोत्सव सोमवार से विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोंच्चारण के बीच शुरू हुआ। भजन-कीर्तन के दूसरे दिवस नगरीय एवं ग्रामीण अंचल के कलाकारों द्वारा समां बांधा जा रहा हैं। दिनभर और रातभर कलाकारों एवं भगतों का यहां आना जाना बना हुआ हैं।

**अन्य जिलों के कलाकार भी पहुंच रहे**


अखण्ड भजन सप्ताह में जिले के अलावा अन्य जिला गुना, विदिषा, रतलाम के अलावा राजस्थान के कलाकार भी यहां पर आकर अपने भजनों की प्रस्तुतियां दे रहे हैं। निरंतर चलने वाली भजन कीर्तन की धुन में रात के समय कई जगह के कलाकार यहां आकर भजन पेष करते हैं। 25 दिसंबर तक चलने वाले इस आयोजन में 24 घण्टे हारमोनियम, ढोलक, मंजीरों की छम-छम के साथ भजन कीर्तन चल रही हैं। मीना समाज के तत्वावधान में हो रहे इस आयोजन के बारे में व्यवस्थापक एवं धर्मषाला अध्यक्ष रामगोपाल मीना नेताजी और बाबा के सेवक ओम वर्मा ने बताया कि प्रदेषभर के अलावा राजस्थान से भी कलाकार भजन पेष करने आते हैं। श्रद्वा और सेवाभाव के साथ आने वाले कलाकार अपनी छटा बिखेर रहे हैं। सभी कलाकारों एवं श्रोताओं के ठहरने, भोजन सहित अन्य व्यस्थाएं समिति द्वारा की जा रही है।

**पूजा पाठ से शुरुआत की**

पंडित मोहनलाल नागर, पंडित सतीष नागर और पुजारी बालकिषन बैरागी द्वारा पूजापाठ, आरती के साथ कार्यक्रम शुरू कराया। इसमें धर्मषाला अध्यक्ष रामगोपाल मीना नेताजी, ओम वर्मा, गजराजसिंह मीना, सुनील सक्सेना, भानू मीना, डॉ. रामबाबू मीना सहित अन्य लोगों की सहभागिता रही।

### कार सवार के बारे में पता नहीं

# हाइवे पर दुर्घटनाग्रस्त मिली कार, गेट पर लगा था खून



**खिलचीपुर**। मंगलवार को ओकारश्वर मंदिर के हाइवे बायपास जोड़ के पास एक लावारिस कार दुर्घटनाग्रस्त मिली है। ऐसा बताया जा रहा है कि कार सोमवार रात को हादसे का शिकार हो गई। दुर्घटना में कार के परखच्चे उड़ गए। घटना देखने के बाद ऐसा लगा कि कार तेज रफ्तार से राजस्थान की तरफ से आ रही थी। इस दौरान कार को किसी वाहन ने पीछे से टक्कर मारी या फिर अनियंत्रित होकर खिलचीपुर के ओंकारेश्वर मंदिर के पास हाइवे बायपास पर तेज रफ्तार के साथ सड़क से नीचे उतर कर जा गिरी। वहीं मैदान में कार के टूटे हुए पाट्र्स पड़े है। इस घटना में कार की स्पीड इतनी तेज थी कि कार के दो टायर तक टूट गए हैं। कार में नम्बर प्लेट भी नही है व कार के गेट पर खून लगा हुआ है। इस संबंध में खिलचीपुर थाना प्रभारी प्रभात गौड का कहना है कि मुझे पता नहीं जांच करवाते हैं।

# एनक्वॉस में हिरनखेड़ी और ब्यावराकलां स्वास्थ्य संस्थाओं का चयन, दोनों संस्थाओं को मिलेगा स्पेशल फंड

### राष्ट्रीय दल के निरीक्षण में उत्तम दर्जे की मिली थी व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



जिले की दो स्वास्थ्य संस्थाओं को एनक्वॉस (नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टेंडर्ड) का दर्जा प्राप्त हुआ है। इन संस्थाओं में राजगढ़ ब्लॉक के हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर हिरनखेड़ी और खिलचीपुर ब्लॉक के ब्यावराकलां शामिल हैं। अब इन दोनों स्वास्थ्य संस्थाओं को स्पेशल फंड मिलेगा, जिसका उपयोग मरीजों को उच्च स्तरीय सेवाएं देने में किया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ किरण वाडिया ने बताया कि 22 सिंतबर 2023 को राष्ट्रीय स्वास्थ्य दल द्वारा जिले का भ्रमण किया गया था। इसमें पहले से चिन्हित जिला अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी और हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटरों का भ्रमण कर वहां मरीजों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं का दल ने सूक्ष्मता से निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट तैयार की थी। दो सदस्यीय इस दल में डॉ पंकज तलरेजा और डॉ एलिजाबेथ द्वारा चॉकलिस्ट में एनक्वॉस के आठ मुख्य एरिया आफ कंसर्न का गहनता से निरीक्षण किया। निरीक्षण निरीक्षण में हिरनखेड़ी एवं ब्यावराकलां संस्थाओं को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण सेवाओं और सुविधाओं के साथ-साथ साफ-सफाई, रिकार्ड कीपिंग में सर्वोत्तम पाया गया। इन संस्थाओं की सीएचओ, एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं से विभिन्न स्वास्थ्य बिंदुओं पर प्रश्न भी किए गए व उनके कार्यों की प्रशंसा हुई थी।

### एसपी कार्यालय पहुंचे पीड़ित

# पहले मारपीट की अब गांव में नहीं घुसने दे रहे आरोपी



**राजगढ़**। भोजपुर थाना क्षेत्रान्तर्गत आ रहे ग्राम झलामाड़िया निवासी देवीसिंह तंवर और परिजनों के साथ गत दिवस गांव के जगन्नाथ पिता कनीराम तंवर, बंशीलाल पिता कंवरलाल तंवर, जगदीश पिता पन्नालाल तंवर, बनेसिंह पिता जगन्नाथ तंवर एवं रामबाबू पिता बनेसिंह तंवर ने पिंडावले में आगे लगाने की बात लाठी, डंडों से मारपीट की थी। इस मारपीट में देवीसिंह सहित उनके पिता बद्रीलाल, पत्नी ललताबाई, भाई बंकट एवं तूफान घायल हो गए। पीड़ितों ने बताया कि आरोपियों द्वारा डंडे और लोहे की रॉड से उन्हें मारा है। बाद में ये सभी फरियादी थाने पहुंचे जहां पुलिस ने आरोपियों पर धारा 294, 323, 506, 427 के तहत प्रकरण भी दर्ज कर लिया। ये सभी पीड़ित मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। यहां इन्होंने बताया कि मारपीट करने वाले जगन्नाथ, बंषीलाल, जगदीश, बनेसिंह और रामबाबू को पुलिस ने नहीं पकड़ा इसलिए वे उन्हें फिर मारने के लिए घूम रहे हैं और गांव में भी न घुसने की धमकी दी है। फरियादियों ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाते हुए न्याय दिलवाने की मांग की है।

## भारत संकल्प यात्रा का हुआ आयोजन

**सारंगपुर**। जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए 10 वाहन मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरी होने की गारंटी के चल रहे हैं। प्रतिदिन 20 पंचायत में योजनाओं का प्रचार प्रसार कर वंचित हितग्राहियों के आवेदन भी स्वीकार कर रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के जिला प्रभारी निर्मल जैन ने बताया कि 16 दिसंबर को राजगढ़ से जिले के सांसद रोडमल नागर एवं जिला कलेक्टर हर्ष दीक्षित, जिला नोडल अधिकारी सीईओ अक्षय, विधायक अमर सिंह यादव यादव,विधायक गौतम टेटवाल,विधायक हजारीलाल दांगी,विधायक मोहन शर्मा, जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, जिला प्रभारी निर्मल जैन ने हरी झंडी दिखाकर गंतव्य की और रवाना की। रविवार को जिले की पांचो विधानसभा की 20 पंचायत में यह यात्रा पहुंची जिसमे जिले के विधायकों तथा भाजपा पदाधिकारीयों के साथ अपेक्षित अधिकारियों ने भाग लिया। सारंगपुर विधानसभा के देवलीमान पंचायत में विधायक गौतम टेटवाल, जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, जिला यात्रा प्रभारी निर्मल जैन,जिलामंत्री कैलाश नागर, मंडल अध्यक्ष घनश्याम नागर, उपेंद्र छावरी आदि ने भाग लिया।

### जीवात्मा 84 लाख योनियों में भटकने के बाद मनुष्य का जन्म पाती है

# श्रीमद् भागवत कथा सुनने मात्र से समस्त पापों का नाश और होती है मोक्ष की प्राप्ति : देवकीनंदन महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छापीहेड़ा



श्रीमद् भागवत कथा देवकीनंदन ठाकुर के मुखारविंद से कृषि उपज मंडी प्रांगण छापीहेड़ा आयोजन कर्ता द्वारका प्रसाद टॉक मंगलवार को कथा के तीसरे दिन सर्वप्रथम श्रीमद् भागवत आरती पूरे टॉक परिवार द्वारा की गई। कथा पंडाल में सभी भक्तों ने आरती का सार्थक रूप से आनंद उठाया। इसके पश्चात कथा पंडाल में अत्यधिक महिलाओं के साथ-साथ बच्चे युवा पुरुषों बुजुर्गों सभी भक्तों की अपार जनसंख्या देखने को मिली।

मनुष्य को अपने इस जीवन मैं कथा सुननी चाहिए ताकि मनुष्य जीवन 84 लाख योनियों में भटकने से छूट जाता है मोक्ष प्राप्त होता है। कथा 7 दिन में मनुष्य का कल्याण कर देती है मात्र 7 दिन में जो मनुष्य श्रद्धा से श्रीमद् भागवत कथा सुनता है फिर वह व्यक्ति संसार मैं किसी भी वास्तु की अपेक्षा नहीं रखता। जहां भी सत्संग हो संतों के संग में मनुष्य को बैठना चाहिए और मन को साधु संत के द्वारा कही वाणी वचनों में लगा दो क्योंकि भगवान अदृश्य शक्ति है जो श्रीमद् भागवत कथा सुनने से पहचाने जा सकते हैं। सत्संग में जाते हैं तो भगवान की कथा सुनाते है भगवान की कथा सुनने का लाभ क्या होता है हमारे मन रूपी लोहे को भगवान की कथा रूपी चुंबक अपने आप खींच लेती है जब वह खिंच जाता है तब वह भगवान के चरणों में परमानेंट समर्पित हो जाता है फिर उस मनुष्य का कल्याण हो जाता है सबसे बड़े दुख की बात तो यह है की अजमेर शरीफ जितने हिंदू जाते हैं उतने तो वह भी नहीं जाते मैं उन से कहना चाहता हूं की अजमेर शरीफ की हिस्ट्री तो पढ़ो उसने तुम्हारी बहन बेटियों के साथ क्या किया पढ़ो उसने तुम्हारे पूर्वजों के साथ क्या किया और तुम उस पर चद्दर चढ़ाने जाते हो मैं चादर चढ़ाने के अगेंस्ट नहीं हूं जिन्हें चादर चढ़ाने के लिए पैदा किया है वे चादर चढ़ाए और जिन्हें सिंदूर चढ़ाने के लिए पैदा किया है। वह सिंदूर चढ़ाए तकलीफ वहां होती है जब सिंदूर चढ़ाने वाला चादर चढ़ाता है और फिर तब उन्हीं की बहन बेटियों के साथ गलत होता है फिर खून के आंसू रोते हैं। इसलिए तो कहता हूं फिर पछतावे होत क्या जब चिड़िया चुग गई खेत फिर क्या फायदा कोई फायदा नहीं मैं तो कहता हूं सनातनियों तुम्हें पीर पर चादर चढ़ाने के लिए पैदा नहीं किया भगवान ने तुम्हें तो महावीर पै सिंदूर चढ़ाने के लिए पैदा किया है भगवान से मांग कर तो देखो ऐसी कौन सी वस्तु है जो तुम्हें श्री राम श्री कृष्ण हनुमान नहीं दे सकते हर संकट कट जाता है। भगवान का सुमिरन करने मात्र से संकट कटे मिटे सब पीरा जो सुमिरे हनुमत बलबीरा आज 500 वर्षों के बाद रामलला जनवरी माह में भव्य मंदिर में विराजमान होंगे रामलला की तैयारी तो पूरी हो गई अब श्री कृष्ण की तैयारी करना है।

## खबर संक्षेप

### विधायक से रविवार को मिलेगे समाजन

**आष्टा।** सकल मालवीय बलाई समाज आष्टा और जावर तहसील क्षेत्र के द्वारा समाज के युवा संगठन अखिल भारतीय मालवीय बलाई समाज युवा संगठन इकाई आष्टा जावर दोनों के संयुक्त में 24 दिसंबर दिन रविवार को स्थान अंबेडकर भवन थाने के सामने मालवीय नगर में ,समय प्रातः 11 शुरू होगा जिसमें ,समाज के विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर के सम्मान में उनके स्वागत सत्कार का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें समाज के लोगों को आमंत्रित किया गया है । विधायक श्री इंजीनियर का मालवीय बलाई समाज एवं युवा संगठन द्वारा सम्मान किया जाएगा। अशोक कुमार कट्टी संगठन मीडिया प्रभारी ने समाज के सभी गणमान्य नागरिको से अपील की है कि समय पर कार्यक्रम में उपस्थित हो।

### सन्नी महाजन ने किया खिलाड़ी का सम्मान

**सीहोर।** सीहोर एकेडमी के खिलाड़ी समर्थ बिरले जो की 8 से 10 दिसंबर को भोपाल जिले में हुई राज्य स्तरीय जु जित्सु चैंपियनशिप जीत कर आए है। जिसमे समर्थ ने सिल्वर मेडल हासिल किया। समाज सेवी गौरव सन्नी महाजन द्वारा खिलाड़ी का सम्मान कर प्रोत्साहित किया। खिलाड़ी महाजन ने बताया कि हमारे जिले में ऐसे और भी कई सारे प्रतिभावान खिलाड़ी है।

### खेतों में इल्ली के प्रकोप से किसान हो रहे परेशान

# कृषि अधिकारियों को निरीक्षण में फसल में मिला कीट, अन्नदाताओं को दी सलाह

कृषि विभाग के एसएडीओ ने फसलों का निरीक्षण किया। किलेरामा, चाचरसी, ताजपुरा गांव का दौरा किया। यहां गेहूं, चना, मसूर सहित अन्य फसल में कीट, इल्ली का प्रकोप मिला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मौसम में हो रहे परिवर्तन से इस साल गेहूं, चना, मसूर सहित अन्य फसल में कीट, इल्ली प्रकोप हावी होता जा रहा है। कीट, इल्ली फसल को नुकसान पहुंचा रहे है। आष्टा कृषि विभाग के एसएडीओ के फसल के किए निरीक्षण में भी यह प्रकोप सामने आया है। इससे फसल को बचाने सलाह दी गई है। वहीं चेतावनी दी कि कीट, इल्ली का शुरूआती दौर है और यदि इसे दवा छिड़काव कर कंट्रोल नहीं किया, तो नुकसान ज्यादा होगा।

आष्टा कृषि विभाग के एसएडीओ बीएस मेवाड़ा ने किलेरामा, चाचरसी, ताजपुरा गांव का दौरा किया। यहां गेहूं, चना, मसूर सहित अन्य फसल में कीट, इल्ली का प्रकोप मिला। कीट, इल्ली फसल के पत्ते, फूल को चट कर नुकसान पहुंचा रहे हैं। कृषि अधिकारियों ने किसानों से कहा कि दवा छिड़काव कर इस पर कंट्रोल किया जा सकता है। यदि इसमें अनदेखी कि तो प्रकोप ज्यादा बढ़ेगा और फसल को ज्यादा नुकसान होगा। बता दें कि दो दिन पहले अधिकारियों ने टिटोरिया, खामखेड़ा, मैना, सेवदा, पटारिया गांव का दौरा किया था, जहां भी यही स्थिति मिली थी।

#### 90 हजार से ज्यादा है रकबा

कृषि विभाग के अनुसार, आष्टा क्षेत्र में 90 हजार हेक्टेयर से ज्यादा रबी का रकबा है। इसमें सबसे ज्यादा रकबे में गेहूं, दूसरे नंबर पर चना और तीसरे पर मसूर है। क्षेत्र में बोवनी कार्य से अधिकांश किसान फुरसत हो गए हैं। किसान अब फसल में सिंचाई करने में जुटे हैं। फसल में कीट, इल्ली प्रकोप होने से किसानों के सामने नया संकट खड़ा हो गया। किसानों ने बताया कि प्राकृतिक आपदा उनका पीछा छोड़ने का नाम नहीं ले रही है।

#### फसल को बचाने की किसानों को सलाह

इस संबंध में बीएस मेवाड़ा, एसएडीओ कृषि विभाग आष्टा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों का निरंतर दौरा किया जा रहा है। इस दौरान गेहूं, चना, मसूर सहित अन्य फसल में कीट, इल्ली प्रकोप देखा जा रहा है। इससे फसल को बचाने किसानों को सलाह दी जा रही है।

# चार दिन से 9 डिग्री पर अटका रात का पारा

### उत्तरी हवा ने बढ़ाई सर्दी



**आष्टा।** अलाव जलाकर तापते हुए लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

पहाड़ों में हुई बर्फबारी और वहां से टकराकर आने वाली उत्तरी हवा के चलते नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में ठिठुराने वाली सर्दी शुरू हो चुकी है।मंगलवार को अलसुबह से सर्द हवा चली।आज भी बादल छाए रहे। शीतलहर से अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस के नीचे पहुंच गया है। वहीं न्यूनतम तापमान चार दिन से 9 डिग्री सेल्सियस पर अटका हुआ है। हालांकि दिन में कुछ देर तेज धूप अवश्य निकली, लेकिन सर्द हवाओं के कारण लोगों ने ठंडक का अहसास किया। वहीं सुबह और शाम को कई क्षेत्रों में धुंध छाई रही। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार उत्तरी हवा आने के कारण मौसम पर असर पड़ रहा है। अगले कुछ दिनों में तेज गर्मी भी शुरू हो जाएगी। सुबह के समय हल्का कोहरा भी छा सकता है। लोगों ने अलाव जलाकर ठंड से राहत पाई।

#### 24 घंटे में 2 डिग्री लुढ़का दिन का पारा

सुबह से ही खिली धूप निकली थी। लेकिन सर्द हवा चलने के कारण लोगों ने ठिठुरन का अहसास किया है। पिछले दिन की तुलना में अधिकतम तापमान 2 डिग्री गिरावट के साथ 23.6 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य से 1.2 डिग्री कम रहा। 11 दिन बाद अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे आया है। वहीं न्यूनतम तापमान स्थिर रहा। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटे के दौरान न्यूनतम तापमान में और गिरावट की संभावना है।

# कृषि उपज मंडी में आवक सिमटी लहसुन-प्याज के भाव हुए कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

स्थानीय कृषि उपज मंडी में सीजन के दौरान पैर रखने की जगह नहीं रहती थी तथा मंडी के आगे और पिछले भाग में ट्रैक्टर -ट्रालियों की भरमार लगी रहती थी, लेकिन इस माह में आवक इतनी कम हो रही है कि एक तरफ जहां व्यापारी चिंतित है ,वहीं दूसरी और नगर का व्यापार-व्यवसाय भी कम आवक के कारण प्रभावित हो रहा है।

इसी के साथ ही रही सही कसर लहसुन- प्याज के दामों ने भी पूरी कर दी है। दोनों के दाम काफी कम हो गए हैं। कृषि उपज मंडी की आवक से ही नगर का व्यापार-व्यवसाय चलता है और इस माह में आवक इतनी कम हो रही है कि नगर का पूरा व्यापार चौपट नजर आ रहा है। सीजन में यह स्थिति सभी के लिए चिंता कारण है। सोमवार को आवक आवक11485 क्विंटल की रही। मंडी में गेहूं सुजाता 3115-4270,गेहूं लोकवन 2600-3100, गेहूं पूर्णा 2400-3401,गेहूं मालवराज 2300-2485, गेहूं मिल क्वालिटी 2335-2550, चना कांटा 4411-5690,चना मौसमी 4952-5461,चना सफेद 5200-12580,चना काटकू 4770-11700, सोयाबीन 2000-5302,मसूर 5200-5741, मक्का 2026-2170, बटला 2600-2760, अलसी 4312 रुपए क्विंटल नीलाम हुए। प्याज 300 से 3110 एवं लहसुन 7010 से 19000 रुपए क्विंटल नीलाम हुई।



**आष्टा।** मंडी में धीरे-धीरे कम होने लगी आवक।

### ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर पहुंचाए जा रहे अक्षत




**जावर।** सिर पर कलश लेकर यात्रा में शामिल हुए क्षेत्र के नागरिक राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले देश भर में उत्सव का माहौल है इस बीच अक्षत कलश गांव गांव पहुंच रहा है। इस दौरान प्रमुख संगठनों द्वारा अयोध्या से आए कलश का पूजन अर्चन किया गया। जावर खंड में भगवान श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या से आए अक्षत कलश को जावर खंड के प्रत्येक मंडल तक पहुंचाने के लिए एक आयोजन कर अक्षत कलश को प्रत्येक मंडल के कार्यकर्ताओं वह नगर के मोहल्ला प्रमुख को सोफे गए। जिसमें विहिप के पदाधिकारी उपस्थित रहे। यह अक्षत कलश अयोध्या से आए हैं। अब यह अक्षत कलश घर-घर बांटे जाएंगे इसका उद्देश्य हर एक व्यक्ति को राम मंदिर जाने के लिए निमंत्रण देना है।

# क्रिसमस पर्व की हो रही तैयारियां चर्च में होने लगी आकर्षक सजावट

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



ईसाई समाज ने क्रिसमस की तैयारियां शुरू कर दी हैं। सेंट पॉल चर्च, गिरजाघर सहित नगर की सभी चर्चो में सजावट शुरू कर दी गई है। लोगों ने घरों के बाहर तारा लगाने के साथ-क्रिसमस ट्री भी सजाना शुरू कर दिया है। पुष्पा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में प्रभु यीशु की जन्मस्थली को शानदार तरीके से सजाया गया है। क्रिसमस पर सभी ईसाई समुदाय अपने घरों को साफ-सफाई एवं सजावट में व्यस्त हैं। चर्च में सजावट, लाइटिंग एवं स्टार लगने लगे हैं। 24 दिसंबर की रात को चर्चो विशेष प्रार्थना होगी। करोल गीत भी युवा घर-घर जाकर गा रहे हैं तथा प्रभु यीशु के जन्म का संदेश दे रहे हैं।प्रभु ईसा मसीह के जन्म दिवस क्रिसमस डे के रूप में 25 दिसंबर को मनाया जाएगा। क्रिसमस डे की तैयारी ईसाई समाज के लोगों द्वारा जोर-जोर से की जा रही है। ईसाई समुदाय द्वारा क्रिसमस पर्व के उपलक्ष में 25 दिसंबर की शाम चर्च आदि में रंगारंग कार्यक्रम में आयोजित किए जाएंगे।

# धार्मिक परंपराओं के साथ खिलवाड़ किया तो करेंगे कार्रवाई: बजरंग दल



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल सीहोर के जिला सुरक्षा प्रमुख राकेश सिंह ठाकुर ने क्षेत्र के सभी स्कूलों में यह चेतावनी जारी की है कि अगर किसी बच्चे को जोकर बनाया तो यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उसके स्कूल के ऊपर कारवाई की जाएगी। जिन लोगों का इस धर्म से नाता है वह लोग इसे बड़े शौक से मनाये हमें इस से कोई परहेज नहीं पर, हम सनातन के ऊपर यह एक और नया त्यौहार नहीं थोप सकते, अगर बच्चों को बनाना है तो राम, कृष्ण बनाओ, हनुमान, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी, भगत सिंह बनाओ पर जोकर नहीं । अगर फिर भी कोई यह कृत्य करेगा तो सनातन धर्म को नष्ट करने का उसके ऊपर आरोप सिद्ध हो जाएगा। हमें किसी धर्म से विरोध नहीं पर अगर कोई हमारे सनातन के बच्चों को जोकर बनाएगा तो यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इस बात को विशेष ध्यान रखें। साथ ही सभी मन्दिर कमेटियों, पुजारियों और हिंदू समाज से हाथ जोड़कर प्राथना है क्रिसमिस पर हिंदू देवी देताओ को सैंटा क्लॉज वाले कपड़े पहना कर अपनी संस्कृति और धर्म का अपमान ना करें। नहीं तो मुकद्दमा दर्ज होगा। यह बात जिला सुरक्षा प्रमुख राकेश ठाकुर ने कहीं।

# संकल्प यात्रा का ग्रामीणों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद



विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत जस्सूपुरा, ग्राम पंचायत बड़कोला पहुंची। विकसित भारत संकल्प यात्रा में पहुंचे सभी अतिथियों का ग्राम पंचायत की ओर से स्वागत किया गया। इस मौके पर विकसित भारत संकल्प यात्रा में मौजूद विभागों के अधिकारियों द्वारा जनता की समस्याओं का समाधान किया। वही जो लोग योजनाओं से वंचित रह गए उनके आवेदन भी प्राप्त किए। प्रधानमंत्री आवास, उज्वला आयुष्मान कार्ड योजना व अन्य योजनाओं को विकसित भारत संकल्प यात्रा में जोड़ा गया। इन योजनाओं पर ग्रामीण क्षेत्रों में जनता के बीच जाकर संवाद किया जा रहा। व उनकी समस्याओं का समाधान कर लोगों को लाभ देने का काम भी किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा में पहुंचे अधिकारियों ने लाभान्वित हितग्राहियों से चर्चा की तथा उपस्थित ग्रामीण जनों को शासन की योजनाओं का लाभ लेने को कहा। इस मौके पर अपर कलेक्टर अर्पीत गुप्ता सिंह, जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी, एसडीएम आनंद सिंह राजावत, जनपद पंचायत सीओ अमित व्यास, जनपद सदस्य मानसिंह ठाकुर इलाही, जस्सूपुर पंचायत सरपंच डाक्टर इदरीश खान, बडकोला पंचायत सरपंच मंजू देवड़ा, सरपंच प्रतिनिधी रमेश देवड़ा, रोलागांव सरपंच धर्मेंद्र धनगर, पूर्व सरपंच वीरेंद्र जैन व सभी विभागों के कर्मचारी व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# अक्षत कलश के आगमन पर मेहतवाड़ा में हुए कार्यक्रम, निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



अयोध्या से आए पूजित अक्षत( पीले चावल) प्रांत से विभाग और विभाग से जिला जिले से तहसील और तहसील से खंड और खंड से अब प्रत्येक गांव तक अयोध्या से आए पूजित अक्षत हर गांव में निमंत्रण के रूप में पहुंच रहे हैं। इसी अभियान में खंड मेहतवाड़ा में एक भव्य आयोजन किया गया।

जिसमें खंड के सभी गांवों को आमंत्रित किया गया। और आसपास के सभी गांव से आए ग्रामीण ढोल धमाके के साथ राम मंदिर में एकत्रित हुए और वहां से पूजित अक्षत को लेकर एक जुलूस निकाला गया जो पूरे नगर में भ्रमण करता हुआ बिलपान चौराहे पर संपन्न हुआ जहां से सभी लोग अपने-अपने गांव की ओर प्रस्थान किया। नगर में अक्षत वितरण आयोजन का आयोजन बड़े ही भव्य रूप में किया गया। श्री राम मंदिर में हवन पूजन के पश्चात गांव के कथावाचक पंडित ओमप्रकाश दुबे का आशीर्वाद स्वरुप प्रवचन हुआ इसके विभाग सहकारवा बाबू सिंह ने अक्षत किस प्रकार हर घर तक पहुंचे यह योजना विस्तार से बताई ।कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के जिला मठ मंदिर प्रमुख धीरज सिंह ठाकुर, विश्व हिंदू परिषद के जिला सुरक्षा प्रमुख राकेश सिंह ठाकुर एवं इस अभियान के संयोजक प्रखंड अध्यक्ष लखन सिंह ठाकुर, प्रखंड मंत्री हरेंद्र ठाकुर, मेहतवाड़ा खंड अध्यक्ष विजेंद्र सिंह इस अभियान के मंडल प्रमुख अर्जुन सिंह एवं सहसंयोजक कुमैर सिंह ठाकुर मेहतवाड़ा, संघ प्रमुख जीवन सिंह, लाखन सिंह, शोभाल सिंह आचार्य, अके सिंह आचार्य ,पंकज जैन और भी गांव के कई लोगो की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन पूर्व जनपद सदस्य अके सिंह ने किया।

### विश्व जैन संगठन के तत्वावधान में सकल जैन समाज ने ज्ञापन सौंपा

# तीर्थ बचाओ-धर्म बचाओ आंदोलन, राष्ट्रपति व पीएम के नाम दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



जैन तीर्थ बचाओ- धर्म बचाओ जन आंदोलन में जूनागढ़, गिरनार पर्वत की पांचवी टोंक पर जैन अनुयायियों को दर्शन और पूजा के अधिकार की मांग हेतु दिगंबर जैन समाज द्वारा महामहिम राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के साथ ही मुख्यमंत्री गुजरात सरकार के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम आनंद सिंह राजावत को सौंपा गया। दिगम्बर जैन पंचायत समिति के अध्यक्ष आनंद जैन पोरवाल ने बताया कि जैन धर्म के 22 वें तीर्थंकर श्री नेमिनाथ भगवान ने गुजरात के जूनागढ़ में सबसे पवित्र गिरनार पर्वत राज की पांचवी टोंक से मोक्ष प्राप्त किया था और श्री कृष्ण भगवान के पुत्र प्रदयुम्न कुमार ने गिरनार पहाड़ी की चौथी टोंक पर व श्री शंभू कुमार ने गिरनार पहाड़ी की तीसरी टोंक और श्री अनिरुद्ध कुमार पुत्र भगवान श्री कृष्ण ने गिरनार पहाड़ी की दूसरी टोंक से मोक्ष प्राप्त किया था। जूनागढ़ की राजकुमारी राजुल ने भी नेमि कुमार तीर्थंकर नेमिनाथ जी द्वारा दीक्षा लेने के बाद गिरनार पर्वत की प्रथम टोंक पर घनघोर तप किया था। गिरनार पर्वत से 72 करोड़ 700 जैन साधुओं के मोक्ष प्राप्त करने का उल्लेख जैन शास्त्रों में है । उक्त बातों को गुजरात सरकार द्वारा वर्ष 1964 में प्रकाशित की गई एक वीडियो से भी पुष्टि होती है।इसी कारण गिरनार पर्वत भी सर्वोच्च जैन तीर्थ सम्मेद शिखरजी के समान पूज्यनीय तीर्थ स्थल है।

उक्त जैन तीर्थ पर अन्य द्वारा जो बातें कही जा रही है वह निराधार है।जैन तीर्थ यात्रियों को गिरनार की टोंक पर जाने से रोकना और उनके साथ अभद्र व्यवहार कर मारपीट करना उचित नहीं है ।इस संबंध में शासन शीघ्र आदेश जारी करें। भारत वर्षीय तीर्थ बचाओ आंदोलन के अंतर्गत आष्टा दिगंबर जैन समाज के संरक्षक दिलीप सेठी,धनरुपमल जैन, अध्यक्ष आनंद जैन पोरवाल, पार्षद कमलेश जैन, नरेन्द्र गंगवाल, पियूष जैन इंजीनियर, संदीप जैन, धीरज जैन, विकास जैन, अरिहंत जैन, रत्नेश जैन, देवेंद्र जैन, निर्मल जैन कोठरी, अखिलेश जैन, अक्षत जैन गब्बर आदि द्वारा राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री भारत सरकार एवं मुख्यमंत्री गुजरात के नाम एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी आनंदसिंह राजावत को जनपद भवन अलीपुर में सौंपा गया। इस अवसर पर एसडीओपी आकाश अमलकर, नगर निरीक्षक पुष्पेंद्रसिंह राठौर, नायब तहसीलदार मुकेश सांवले सहित अन्य उपस्थित थे।

# अनदेखी के चलते अस्पताल की हालत हो रही जर्जर



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सिविल अस्पताल कहने को तो करोड़ों रुपया की लागत से बन चुका है, लेकिन यहां पर सुविधा जिम्मेदार स्वास्थ्य अधिकारियों की लापरवाही के कारण शासन की मंशा के अनुरूप मरीजों को नहीं मिल पा रही है। एक तरफ जहां स्टाफ की कमी है, वहीं दूसरी और बीएमओ डॉ सुरेश माहोर की लापरवाही के कारण छोटी-मोटी समस्याओं का निदान भी नहीं हो पा रहा है। सिविल अस्पताल में चिकित्सकों के चैंबरों के समीप बने हुए बाथरूम की स्थिति यह है कि उसमें पाइप लंबे अर्से से गायब है। लेकिन नाम मात्र की राशि से आने वाले पाइप लगवाने पर जिम्मेदार का कोई ध्यान नहीं है। सिविल अस्पताल में बाथरूम अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है।